**भारत सरकार**
**विद्युत मंत्रालय**
**....**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-488**
**दिनांक 6 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ**

**केरल में अल्ट्रा मेगा सौर संयंत्र**

**488. श्री एम. के. राघवन:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास केरल में अल्ट्रा मेगा और संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है, क्योंकि राज्य अपनी आवश्यकताओं की तुलना में कम बिजली पैदा कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(ख) क्या सरकार के पास केरल में बिजली के उपयोग और खरीद से जुड़े आंकड़े है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है: और

(ग) क्या सरकार के पास प्रति यूनिट बिजली की घरेलू खपत के शुल्क संबंधी कोई आंकड़ा है और यदि हां, तो इसका राज्यवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**
**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) :** केरल राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (केएसईबीएल) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, केरल के चीमेनी में 100 मेगावाट की क्षमता वाली एक सौर परियोजना स्थापित करने की योजना है।

**(ख) :** केएसईबीएल द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पारेषण और वितरण हानियों को ध्यान में रखते हुए, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 28,360 मिलियन यूनिट विद्युत की आपूर्ति की गई।

**(ग) :** घरेलू श्रेणी के लिए विद्युत की दरें घरेलू उपभोक्ताओं के वर्गीकरण और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी की मात्रा और तरीके के आधार पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति माह 200 किलोवाट आवर विद्युत की घरेलू खपत के लिए राज्यवार अनुमानित दरें **अनुबंध** पर हैं।

**लो.स.अतारां.प्र.सं. 488**

**अनुबंध**

***घरेलू 2 किलोवाट (200 यूनिट/माह)-**

| क्रम सं. | यूटिलिटि का नाम | टैरिफ दिनांक से प्रभावी | औसत दर (पी/केडब्लयूएच) | ड्यूटी/टैक्स (पी/केडब्लयूएच) | कुल (पी/केडब्लयूएच) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 01.04.2023 | 458 | 0 | 458 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 01.04.2023 | 444 | 6 | 450 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 01.06.2018 | 400 | 0 | 400 |
| 4 | असम | 01.04.2023 | 692 | 35 | 727 |
| 5 | बिहार (शहरी क्षेत्र) | 01.04.2023 | 914 | 55 | 968 |
| | (ग्रामीण इलाकों) | | 838 | 50 | 888 |
| 6 | चंडीगढ़ | 01.04.2023 | 328 | 9 | 337 |
| 7 | छत्तीसगढ | 01.04.2023 | 400 | 42 | 452 |
| 8 | दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 01.08.2023 | 205 | 0 | 205 |
| 9 | दिल्ली-(बीवाईपीएल/बीआरपीएल/टीपीडीडीए) | 01.10.2021 | 320 | 15 | 335 |
| 10 | दिल्ली-(एनडीएमसी) | 01.10.2021 | 320 | 15 | 335 |
| 11 | गोवा | 01.04.2023 | 238 | 20 | 258 |
| 12 | गुजरात (शहरी क्षेत्र) | 01.04.2023 | 379 | 57 | 436 |
| | (ग्रामीण इलाकों) | | 339 | 25 | 364 |
| 13 | गुजरात- (टोरेंट पावर लिमिटेड, अहमदाबाद) | 01.04.2023 | 389 | 58 | 447 |
| 14 | गुजरात- (टोरेंट पावर लिमिटेड, सूरत) | 01.04.2023 | 396 | 59 | 456 |
| 15 | हरियाणा | 01.04.2023 | 338 | 10 | 348 |
| 16 | हिमाचल प्रदेश | 01.04.2023 | 513 | 14 | 527 |
| 17 | जम्मू और कश्मीर | 01.12.2023 | 238 | 0 | 238 |
| 18 | झारखंड (शहरी क्षेत्र) | 01.03.2024 | 715 | 40 | 755 |
| | (ग्रामीण क्षेत्र) | | 668 | 38 | 705 |
| 19 | कर्नाटक | 01.04.2023 | 810 | 63 | 873 |
| 20 | केरल | 01.11.2023 | 544 | 48 | 592 |
| 21 | लद्दाख | 01.11.2023 | 219 | 32 | 251 |
| 22 | लक्षद्वीप | 01.04.2023 | 295 | 0 | 295 |
| 23 | मध्य प्रदेश (शहरी क्षेत्र) | 04.04.2023 | 804 | 84 | 888 |
| | (ग्रामीण क्षेत्र) | | 774 | 81 | 855 |
| 24 | महाराष्ट्र | 01.04.2023 | 878 | 140 | 1018 |
| 25 | महाराष्ट्र - मुंबई-(बी.ई.एस.टी) | 01.04.2023 | 599 | 122 | 721 |
| 26 | महाराष्ट्र - मुंबई- (अडानी इलेक्ट्रिसिटी) | 01.04.2023 | 734 | 143 | 877 |
| 27 | महाराष्ट्र - मुंबई- (टाटा) | 01.04.2023 | 666 | 133 | 798 |
| 28 | मणिपुर | 01.04.2023 | 618 | 0 | 618 |
| 29 | मिजोरम | 01.04.2023 | 650 | 0 | 650 |
| 30 | मेघालय | 01.04.2023 | 555 | 5 | 560 |
| 31 | नागालैंड | 01.04.2023 | 608 | 0 | 608 |
| 32 | ओडिशा | 01.04.2023 | 455 | 17 | 472 |

| क्रम सं. | यूटिलिटि का नाम | टैरिफ दिनांक से प्रभावी | औसत दर (पी/केडब्लयूएच) | ड्यूटी/टैक्स (पी/केडब्लयूएच) | कुल (पी/केडब्लयूएच) |
|---|---|---|---|---|---|
| 33 | पुडुचेरी | 01.04.2023 | 305 | 0 | 305 |
| 34 | पंजाब | 16.05.2023 | 592 | 77 | 668 |
| 35 | राजस्थान | 01.04.2023 | 765 | 55 | 820 |
| 36 | सिक्किम | 01.04.2023 | 235 | 0 | 235 |
| 37 | तमिलनाडु | 01.07.2023 | 281 | 0 | 281 |
| 38 | तेलंगाना | 01.04.2023 | 465 | 6 | 471 |
| 39 | त्रिपुरा | 01.10.2023 | 597 | 30 | 626 |
| 40 | उत्तराखंड | 01.04.2023 | 458 | 15 | 473 |
| 41 | उत्तर प्रदेश (शहरी) | 01.06.2023 | 673 | 34 | 706 |
| | (ग्रामीण) | | 479 | 24 | 503 |
| 42 | पश्चिम बंगाल (शहरी) | 01.04.2023 | 720 | 0 | 720 |
| | (ग्रामीण) | | 709 | 0 | 709 |
| 43 | डी.वी.सी. (झारखंड क्षेत्र) | 01.02.2024 | 463 | 26 | 488 |

(*स्रोत: भारत में विद्युत आपूर्ति के टैरिफ और शुल्क संबंधी सीईए रिपोर्ट - मार्च 2024)

****************